# बल, बुद्धि, विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार

## श्रद्धा एवं भक्ति भाव के मना अंजनि पुत्र हनुमान जन्मोत्सव



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 अप्रैल।** गुरुवार को जिले भर हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की गहमा- गहमी बनी रही। इस दौरान श्रीरामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ के आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की। इस अवसर शहर में चल समारोह निकाला गया। जिले के प्रसिद्ध मंदिरों पर भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और पूजा अर्चना की।

हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाए जाने के लिए मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। दंदरौआ सरकार, रावतपुरा सरकार, कांकसी सरकार सहित शहर के बजरिया हनुमान मंदिर, नबादा बड़े हनुमान मंदिर, इटावा रोड के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां सुबह से देर रात श्रद्धालुओं की आवाजाही होती रही। श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद चढ़ाकर मत्था टेका। शहर में निकाले गए चल समारोह में रथ पर हनुमानजी महाराज के चित्र को सजाया गया। चल समारोह के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत एवं शहर कोतवाली थाना प्रभारी बृजेद्र सेंगर मौजूद रहे।



### गोहद में कुश्ती के मुख्य मुकाबले में 51 हजार का इनाम

गोहद में प्रसिद्ध छेंकुर वाले हनुमान मंदिर परिसर में विशाल दंगल एवं मेले का भव्य आयोजन हुआ। दंगल में दिनभर रोमांचक कुश्तियां चलीं, जहां पहलवानों ने अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अंतिम एवं मुख्य कुश्ती विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे पूर्व विधायक रणवीर जाटव द्वारा आयोजित कराया गया। इस कुश्ती के लिए 51 हजार रुपये का नगद पुरस्कार घोषित किया गया। अंतिम मुकाबला दिल्ली के भारत पहलवान और आगरा के हरेंद्र पहलवान के बीच हुआ, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया, यह मुकाबला बराबरी पर छूटा।

### सामूहिक सुंदरकांड व गीता पाठ आयोजित

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं श्रीमद्भगवद्गीता के 11वें अध्याय का सस्वर वाचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन एवं अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया और गीता के विश्वरूप दर्शन अध्याय का सामूहिक वाचन किया। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और भगवान हनुमान से विश्व शांति एवं कल्याण की कामना की।

## श्री छेकुर हनुमान मंदिर पर लगा मेला, हुआ दंगल

गोहद के छेकुर हनुमान मंदिर गोहद में विशाल मेला दंगल का आयोजन किया गया जिसमें कई राज्यों से पधारे पहलवानों ने चढ़ बढ़कर भाग लिया अंतिम कुश्ती का पुरुस्कार 51हजार रहा यह कुश्ती भारत सिंग पहलवान मथुरा तिब्बत सीमा पुलिस इंस्पेक्टर और हरेंद्र गुर्जर रशीद पुर आगरा साथ रहा आखरी मुकाबला जो कि कुश्ती बराबर रही यह कुश्ती पूर्व विधायक गोहद रणवीर जाटव द्वारा कराई गई दूसरी कुश्ती केशव देसाई कमल जीत पंजाब एवं सुमित दिल्ली के बीच हुई जो कि वर्तमान विधायक केशव देसाई के द्वारा 21हजार की पुरुस्कार से सम्मानित की गई जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिर छेकुर के दर्शन का लाभ लिया मेले में कई आकर्षक झूले मनमोहक दृश्य देखने को मिले मंदिर को बड़े ही मनमोहक तरीके से सुसज्जित किया गया हजारों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल एवं मंदिर कमेटी का विशेष योगदान रहा।



## मुंहबाद में चली गोली, दो लोगों को लगी, पांच घायल

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 अप्रैल।** गोहद चौराहा थाना क्षेत्र में मामूली मुंहबाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया और देखते ही देखते झड़प में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के बीच मारपीट और कथित फायरिंग से पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है।

**छीमका में हुई घटना, दो पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज**

जानकारी के अनुसार गोहद चौराहा क्षेत्र में छीमका के निकट ग्वालियर रोड पर किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि आरोपी पक्ष ने फरियादी के भाई जसवीर तोमर के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे फरियादी और अन्य लोगों पर भी हमला कर दिया गया। विवाद के दौरान कट्टे से फायरिंग होने की बात सामने आई है जिसमें राजवीर सिंह और रामपाल सिंह तोमर को गोली लगने से गंभीर चोटें आईं। वहीं मौके से गुजर रहे रामनिवास जाटव निवासी खरी का पुरा को भी पेट में चोट लगी। इसके अलावा जयवीर सिंह तोमर और एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। सभी घायलों को गोहद अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर भेजा गया। पुलिस ने मामले में कल्लू तोमर उर्फ बृजमोहन तोमर और महावीर तोमर निवासी छीमका के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है। क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## गौशालाएं स्वाबलंबी हों, गौकाष्ठ बने और बागवानी अपनाएं किसान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 अप्रैल।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने ग्राम पंचायत सगरा पहुंचकर शासकीय गौशाला सगरा का निरीक्षण कर गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पशु कल्याण को मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही गौशाला की क्षमताए गायों की संख्या और चारे की उपलब्धता की जानकारी ली।

**कलेक्टर ने किया सगरा में संचालित योजनाओं का निरीक्षण**

गौशाला संचालकों ने बताया कि 250 गायों की क्षमता वाली गौशाला में फिलहाल 200 गायें हैं, जिनमें 15 दुधारू हैं। चारा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष जताते हुए बेहतर प्रबंधन के सुझाव दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा कर स्वावलंबी गौशाला, कामधेनु योजना, गोबर खाद एवं गौकाष्ठ बनाने तथा बागवानी करने पर जोर दिया। इसके पश्चात ग्राम सगरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही स्थानीय लोगों से चर्चा कर केन्द्र संचालन की स्थितिए स्टाफ उपस्थिति और गांव की आंगनबाड़ी संचालन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सगरा में बने तालाब का भी दौरा किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए तालाब के गहरीकरण के निर्देश दिये। भू जल स्तर रिचार्ज और वर्षा जल संचयन को प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही खराब हैंडपंप की सुधार हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे खिलाड़ी

**भिंड, 2 अप्रैल।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाडियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया है कि अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी को राशि रूपए10 हजार, रजत पदक विजेता खिलाडी को राशि रुपए 8 हजार एवं कांस्य पदक विजेता खिलाडी को राशि रुपए 6 हजार खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन दिनांक 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, पुलिस लाईन जिला भिण्ड से अपना मूल खेल प्रमाण पत्र दिखाकर प्राप्त कर सकते हैं। 31 मई के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा- निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।



## मेहगांव में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस में भागवत का महात्म्य क्या है

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 2 अप्रैल।** मेहगांव नगर में त्यागी बाग पचैरा रोड, दैपुरिया कॉलेज के पास श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस की कथा में भागवत का महात्म्य कथा वाचक भागवत रत्न अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य पं विमलकृष्ण पाठक जी ने समझाया कि जिनके जीवन में ज्ञान की गति होती हैं वही भागवत हैं जो कथा हमें भवसागर के पार लगा दे वही भागवत है जब भगवान बैकुंठ धाम को जाने लगे तब उद्धव जी ने कहा कि हे प्रभु अब हम लोग किसकी भक्ति करेंगे कैसे आपके बगैर रहेंगे भगवान ने कहा कि हम कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा छोड़कर जा रहे भागवत कथा रसपान मात्र से हमारी प्राप्ति होगी भक्तिमय माहौल में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण की कथा पंडाल में आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का अनमोल प्रकाश बिखर रहा हैं कथा के मुख्य यजमान परीक्षित श्रीमती अनचाई देवी राकेश त्यागी ठेकेदार वार्ड नं 12 मेहगांव स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक जागरण लाएगा तथा सामाजिक एकता को मजबूत करेगा श्रीमद् भागवत कथा हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होगी आज की कथा में मुख्य रूप से झारखंड से सांसद कालीचरण सिंह जी युवा भारतीय जनता पार्टी के नेता पीतांबर प्रताप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष दतिया सुरेंद्र बुडोलिया जी और हजारों संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आज की कथा का रसपान किया।

## शिशु गृह में पल रहे सगे भैया-बहन का अब होगा परिवार पालन पोषण आयोजन

### महिला बाल विकास विभाग में हुई दत्तकग्रहण की प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 अप्रैल।** लहार के शिशु गृह में रह रहे सगे भाई- बहन के दत्तकग्रहण (प्री- अडॉप्शन) की कार्रवाई आज महिला एवं बाल विकास विभाग में हुई। इन भैया-बहन को बैंगलोर निवासी एकल मां द्वारा कारा की गाइड लाइन अनुसार रिजर्व किया गया था। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए दत्तकग्रहण की कार्रवाई पूरी की गई। अब दोनों बच्चों का लालन-पान आर्थिक रूप संपन्न परिवार को होगा।

महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर द्वारा बताया गया कि लहार में श्री बाँके बिहारी कुंज बहुउद्देशीय महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित शिशु गृह में सगे भाई-बहिन निवास कर रहे थे। इन्हें बैंगलोर निवासी द्वारा रिजर्व करने के पश्चात संबंधित दंपति को समस्त मूल दस्तावेज एवं उनकी सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट के साथ भिंड बुलाया गया, जहां उनके दस्तावेजों, सामाजिक पृष्ठभूमि का परीक्षण किया गया। परीक्षण में उपयुक्त पाए जाने पर दत्तक ग्रहण समिति की बैठक में भावी दत्तक माता- पिता को दत्तक ग्रहण हेतु उपयुक्त पाया गया तब दत्तकग्रहण की कार्रवाई की गई। बालकों की माँ का स्वयं का व्यवसाय और राष्ट्रीयकृत वित्तीय कंपनी में सलाहकार है। आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवार पाया गया।

बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना द्वारा बताया गया कि उक्त भाई- बहन संस्था में 4 वर्ष से अधिक समय से निवासरत हैं चूंकि दत्तक पर भाई- बहन को अलग-अलग भेजना न केवल बालकों की भावनाओं के प्रतिकूल और सर्वोतम बालहित के सिद्धांतों के अनुकूल नहीं होता और संभावित माता- पिता द्वारा अधिकांशतः एकल बच्चे की चाह रहती है जिस वजह से उक्त बच्चों के प्रकरण में देरी हुई।

इनके ऐसा परिवार चाहिए था जो दोनों भाई- बहन को उत्साह से स्वीकार करे। ऐसे में बैंगलोर निवासी एकल माँ द्वारा बच्चों को स्वीकारना ही विभाग की जीत है। उनके द्वारा बच्चों के साथ खूब समय बिताया गया और उनकी काउंसलिंग भी की गई जब बच्चे भी अपनी भावी माँ से घुल- मिल गए तब दत्तकग्रहण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस मौके पर संस्था से प्रबंधक नितांश सोनी संबंधित दत्तक माँ और उनके परिजन उपस्थित रहे।

**आंखों से खुशी के आंसू निकल पड़े :**

बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संभावित मां द्वारा 2024 में कारा पर पंजीयन कराया गया था, जब उनका वेटिंग क्लियर हुई और प्री- अडाप्शन की कार्यवाही के दौरान आंखों में आंसू और खुशी को शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। बालकों की मौसी भी संरक्षक के तौर पर उपस्थित रही। सभी लोग परिवार में नए सदस्य के आगमन को लेकर उत्साहित दिखे।



## संदीपनी विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 2 अप्रैल।** मेहगांव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया,मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संदीपनी विद्यालय में नवीन छात्रों के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय कौच्छा व्दारा कार्यक्रम में सहभागिता अदा की गई,विद्यालय शैक्षणिक स्टाफ के समक्ष प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न गया,विद्यालय में नवीन प्रवेशोत्सव क्षात्रों को व पूर्व से अध्यनरत कक्षा उन्नत क्षात्रों को नवीन सत्र हेतु निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई, इसके साथ ही क्षात्रों को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026,,2027 में नियमित रूप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया, कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार शर्मा ने किया एवं अतिथियों का आभार प्राचार्य विजय सिंह कुशवाह व्दारा किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में क्षात्रों विद्यालय के अध्यापक गण एवं व मुख्य अतिथि के समक्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



## नौ सौ किमी दूर से आई इंसानियत, भिंड में मिली नई जिंदगी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 अप्रैल।** इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए बिहार के पटना से आए कुछ दयालु लोग 900 किलोमीटर का सफर तय कर एक घायल बेजुबान को भिंड के इंसानियत आश्रम लेकर पहुंचे। करीब दो दिन की यात्रा के बाद सुबह 6 बजे आश्रम पहुंचे इन लोगों ने बताया कि रास्ते में किसी ने कुत्ता कों टक्कर मार दी जिससे आवारा कुत्ते की कमर टूट चुकी थी और वह चलने-फिरने में असमर्थ था।

**उपचार की तलाश में भटके, यहां मिली उम्मीद**

घायल कुत्ता को पहले बनारस में भी दिखाया गया, लेकिन वहां राहत नहीं मिली। आश्रम पहुंचने पर सेवा कार्य देखकर लोग भावुक हो उठे और कहा कि ऐसा समर्पण उन्होंने पूरे देश में कहीं नहीं देखा।

**हर दिन दूरदराज से पहुंचते हैं घायल**

इंसानियत आश्रम अब बेजुबानों की आखिरी उम्मीद बन चुका है, जहां गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, इटावा, अलीगढ़ सहित कई शहरों से पशु लाए जाते हैं। यहां न किसी को मना किया जाता है, न कोई शुल्क लिया जाता है—हर बेजुबान की सेवा परिवार की तरह की जाती है!

## जिले में 31 केन्द्रों पर होगी एमएसपी पर गेंहू की खरीदी

**मुरैना, 2 अप्रैल।** मप्र शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के आदेशानुसार वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एफएक्यू गुणवत्ता के गेहूं का उपार्जन 15 अप्रैल से किया जाना है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में जिला उपार्जन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार गेहूं उपार्जन हेतु जिले में 31 केन्द्र बनाए गए है। जिसमें अंबाह के अंतर्गत 5, पोरसा में 5, मुरैना में 10, जौरा में 9, कैलारस में 1 और सबलगढ़ में 1 खरीदी केन्द्र बनाए गए है।

**जानिए, कहां किस केन्द्र पर होगी गेंहू की खरीदी:** अंबाह-विपणन सहकारी संस्था अंबाह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिकरोड़ी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लल्लूबसई, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसमढ़ा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रिठौना, पोरसा:-सहकारी समिति सेंथरा अहीर, सहकारी समिति सांगोली, विपणन सहकारी समिति पोरसा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उसेदपुरा, सहकारी समिति भौनपुरा की खरीदी वेयर हाउस पर होगी। मुरैना: जींगनी, बड़ागांव नावली, पिढ़ावली, विपणन सहकारी समिति मुरैना, विपणन सहकारी समिति मृगपुरा, सहकारी समिति बिचौला, सहकारी समिति पढ़ावली, सहकारी समिति रिठौराकलां, सहकारी समिति पिपरसेवा, सहकारी समिति जैतपुर नूराबाद की खरीदी वेयर हाउस पर होगी।

**2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से होगी गेंहू की खरीदी** न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपए, बोनस 40 रूपए इस प्रकार गेहूं 2625 रूपए प्रति क्विंटल लिया जाएगा।

## छह दिवसीय नि :शुल्क शॉपकीपर प्रशिक्षण आयोजित

**मुरैना, 2 अप्रैल।** सेन्ट आरसेटीए मुरैना में संचालित ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार पुरुषों का 06 दिवसीय निःशुल्क शॉप कीपर प्रशिक्षण विगत दिवस संपन्न हुआ। जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से संबंधित जानकारी दी गयी एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे सभी पुरुष प्रशिक्षण पश्चात् स्वावलम्वी बन आत्मनिर्भर हो सके। यह प्रशिक्षण 35 लोगों ने प्राप्त किया, जो मुरैना जिले के विभिन्न क्षेत्रों से थे। कार्यक्रम में सेन्ट आरसेटी निदेशक भगवान सिंह, फैकल्टी सचिन बंसल, कार्यालय सहायक दीपक शाक्य, शिवमोहन सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।


**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
आर-23, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2552663, फैक्स : 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in

**प्रस्ताव निमंत्रण सूचना**

असंगठित श्रमिकों को बीमित किये जाने संबंधी विचाराधीन प्रस्ताव बाबत्, बीमा प्रक्रिया फ्रेमवर्क डिजाइनिंग, तकनीकी सहयोग, विधिक अनुपालन तथा हितग्राहियों के हित संरक्षण की दृष्टि से व्यवस्थित निगरानी तंत्र संबंधी कार्य हेतु पूर्णतः गैर वित्तीय आधार पर बीमा परामर्शी इम्पैनल किया जाना है।
इस हेतु बीमा क्षेत्र की परामर्शी संस्थाओं से उनके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं एवं शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव **दिनांक 10.04.2026 सायं 04:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रस्ताव बंद लिफाफे में निर्धारित दिनांक तक, **म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, कार्यालय आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल में** प्रेषित किये जायें।
अधिक जानकारी हेतु कार्यालय **सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल** में संपर्क किया जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125184/2026 **सचिव**


## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, धमकी देकर करता रहा शोषण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 अप्रैल।** महिला संबंधी गंभीर अपराध में कार्रवाई करते हुए बामौरकलां थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 1 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2016 से आरोपी प्रदीप उर्फ दीपक भट्ट उम्र 45 वर्ष निवासी गणेश चौक पिछोर उसे शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। शिकायत के आधार पर थाना बामौरकलां में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 31/2026 धारा 64(2)(द्व), 87, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, संजीव मुले एवं प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 अप्रैल 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

न्यायालय से जेल वारंट जारी होने पर उसे उपजेल पिछोर भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय लोधी, उपनिरीक्षक संदीप कुमार कुजूर, आरक्षक राहुल राठौर, परवेन्द्र रावत, सत्यम बैरागी एवं महिला आरक्षक आरती जाटव की सराहनीय भूमिका रही।


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(Government of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (O&M) CIRCLE GWALIOR
Email ID : purchaseomgwl@gmail.com
प्रकाश एवं विकास
GM/O&M/Works/2026-27/07 Gwalior Date : 01.04.2026

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

M.P.M.K.V.V.CO.Ltd. Hereby invited E-Tendering offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/ Offier | Short Description | Earnest Money (in Rs.) | Due Date for Submission of Tender | Opening Date of Tender |
|---|---|---|---|---|
| GM O&M Circle Gwalior | **Type E** : Air-Conditioned Jeep or Equivalent Caterogy MUV with min. engine capacity 1450 CC (for petrol/Diesal) with Airbags and ABS. | 3000/- | 15.04.2026 up to 14:00 Hrs. | 16.04.2026 at 14.00 Hrs |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/125193/2026 **GM (O&M)**